भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव,
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 77/ 2020
दिनांक : 09 जून, 2020

विषय :–हम किसी से कम नहीं (एचके2एन) आभासी राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता।

महोदय/महोदया,

हम सभी राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से आपकी कुशलता के लिए कामना करते हैं।

गायन उत्सव की अपार सफलता के पश्चात वयस्क नेताओं द्वारा उनके लिए एक गायन प्रतियोगिता आयोजित करने की मॉग की गई। हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि वयस्क नेताओं हेतु एक आभासी गायन उत्सव आयोजित किया जा रहा है जो कि देश के उन सभी डॉक्टरों, नर्सो, पैरा–मेडिकल स्टाफ, पुलिस कर्मियों, सफाई कर्मचारियों (पर्यावरण सहायक) तथा वयस्क नेताओं को कोविड योद्धाओं के रुप में की गई उनकी सराहनीय सेवाओं के प्रति समर्पित होगा।

"हम किसी से कम नहीं" गायन प्रतियोगिता 35 वर्ष से अधिक आयु के हमारे वयस्क नेताओं को अपनी छिपी हुई संगीत प्रतिभा को उजागर करने हेतु अवसर प्रदान करेगा। इस प्रतियोगिता में वे गूगल, लाइव स्ट्रीम ऑडियो और वीडियो के माध्यम से डिजिटल मंच का उपयोग कर सकते है।

व्यक्तिगत प्रतिभाओं को उजागर करने तथा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु प्रतिभागियों के लिए यह एक चित्ताकर्षक मंच होगा। हम इस ऑनलाइन प्रतियोगिता को आगे प्रसारित करने हेतु सभी राज्य संघों से निवेदन करते है जिससे कि अधिक से अधिक लीडर्स प्रतियोगिता में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठा सकें।

उपरोक्त प्रतियोगिता से सम्बन्धित विस्तृत निर्देश आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।

प्रतियोगिता 09 जून, 2020 को प्रारम्भ होगी तथा 05 जुलाई, 2020 को ग्रैंड फिनाले के साथ सम्पन्न होगी।

चयनित प्रतिभागियों को 19 जून को चयन सम्बन्धी ईमेल तथा आगे की प्रक्रिया का विवरण प्राप्त होगा।

संस्था के इच्छुक उम्मीदवार अपने आपको 18 जून, 2020 तक https://forms.gle/fsJXBxGZfA4GWJoJ6 लिंक पर पंजीकृत कर सकते है। चूंकि हमारे सभी हितधारक देशव्यापी लॉकडाउन में है, इसलिए राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से आप सभी को एक खुला निमंत्रण है और इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला या राज्य की पूर्वानुमति की आवश्यकता नहीं है।

पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि 18 जून, 2020 दोपहर 12 बजे से पूर्व है।

सधन्यवाद,

भवदीया,

(सुरेखा श्रीवास्तव)
उपनिदेशक गाइड (परियोजना)

प्रतिलिपि प्रस्तुतः— माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :—

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली—110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी—15, सेक्टर—62, नोएडा, उत्तर प्रदेश—201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउ्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।